बर्दवान
आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज

शिल्पांचल
# सन्मार्ग

शनि
वार

आसनसोल/दुर्गापुर




# स्वच्छ भारत अभियान के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली

**आसनसोल :** भगत सिंह मोड़ से स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल के शिक्षक और छात्रों ने रैली निकाली। रैली भगत सिंह मोड़ से शुरू होकर बीएनआर मोड़, गांधी मूर्ति मोड़, कोर्ट मोड़ से पुलिस लाइन होकर वापस भगत मोड़ के पास आकर समाप्त हुई। इस मौके स्कूल के टीआईसी अनुपर्णा शर्मा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गयी। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घर के आसपास के परिवेश को साफ सुथरा रखनी चाहिए। इलाके की नाली व नालों में गंदगी जमने पर नगर पालिका को सूचित करना चाहिए। लोगों को घर की गन्दगी को कूड़ादान में फेंकना चाहिए। इलाका में गन्दगी रहने से संक्रामक बीमारी फैलती है। इस मौके पर धनंजय मिश्रा, राहुल प्रसाद, मेघना बर्मन सहित सैकड़ों स्कूल बच्चे मौजूद थे।